गुंडागर्दी — सरकारी वाहन को रेत माफिया ने ट्रेक्टर से मारी जोरदार ठोकर

# रेत का अवैध परिवहन रोकने गए तहसीलदार पर हमला



**ब्योहारी, नवभारत।** ब्यौहारी और देवलौंद थाना क्षेत्र में खनन माफियों के हौसले बुलंद हैं। लगातार रेत माफिया सरकारी मुलाजिमियों पर हमला कर रहे हैं। कुछ साल पहले अवैध खनन रोकने गए पटवारी और एएसआई को खनन माफिया ने ट्रैक्टर से कुचलकर मौत के घाट उतार दिया अब ब्यौहारी तहसीलदार पर खनन माफिया ने हमला बोलते हुए उनके वाहन में ठोकर मार ट्रैक्टर लेकर माफिया फरार हो गए है।

इस घटना के पूरे मामले की शिकायत तहसीलदार ने ब्योहारी पुलिस से की है जिस पर पुलिस आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में अपराध क़ायम कर जांच में जुटी है।

## गाली-गलौज कर दी धमकी

ब्यौहारी थाना क्षेत्र के ग्राम खरपा तिराहे के पास जंगल से रेत का अवैध खनन कर परिवहन किया जा रहा था। तभी तहसीलदार और उनकी टीम ने ट्रैक्टर को रोकने की कोशिश की जिससे नाराज होकर रेत माफिया ने तहसीलदार पर हमला बोल दिया और सरकारी बोलोरो वाहन में ठोकर मार कर रेत माफिया भागने लगे। जब नायब तहसीलदार शनि द्विवेदी एवं उनकी टीम ने ट्रैक्टर का पीछा किया तो, बीच रास्ते में चलते ट्रैक्टर से चालक ने रेत खाली कर दी। जिससे सरकारी वाहन उनका पीछा न कर सके। इसके बाद बाइक में सवार होकर ट्रैक्टर मालिक का पुत्र वहां पहुंचा और उसने नायब तहसीलदार से गाली गलौज कर धमकी दी है।

## शिकायत पर रेत माफियाओं के खिलाफ मामला दर्ज

घटना की शिकायत करते हुए ब्यौहारी नायब तहसीलदार शनि द्विवेदी ने पुलिस को बताया कि खरपा तिराहे के पास जंगल से एक ट्रैक्टर आता दिखाई दिया, जिसमें रेत लोड थी जिसे रोकने की कोशिश की तो, सरकारी वाहन को ठोकर मार ट्रैक्टर लेकर रेत माफिया भाग गए। पीछा करने पर मारपीट की कोशिश कर जान की धमकी भी दी है। पुलिस ने नायब तहसीलदार की शिकायत पर कामता बैस पिता जमुना बैस एवं अमरदीप बैस उर्फ झब्बू पिता कामता बैस दोनों निवासी ग्राम सरवाही खुर्द थाना ब्यौहारी पर कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## हमले के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट

तहसीलदार पर हुए हमले की शिकायत के बाद ब्योहारी पुलिस ने खनन माफियाओं के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है साथ ही ब्योहारी पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से रेत का अवैध परिवहन करते 6 ट्रेक्टर को जप्त किया है।

# घर से निकला था काम पर, लौटी लाश

▸ जयसिंहनगर सड़क हादसे में युवक की मौत



**शहडोल, नवभारत।** जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के ढ़ोलर गांव में गुरुवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर के बाद पिकअप चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान जगेश्वर अहिरवार पिता स्वर्गीय ननकू अहिरवार (40 वर्ष), निवासी खांड के रूप में हुई है। जगेश्वर अपनी बाइक से जयसिंहनगर की ओर जा रहा था। इसी दौरान ढोलर गांव के पास तेज रफ्तार पिकअप ने सामने से टक्कर मार दी।

हादसा इतना भीषण था कि जगेश्वर ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद आसपास मौजूद ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही जयसिंहनगर थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया।

पुलिस ने घटनास्थल से बाइक और पिकअप वाहन को जब्त कर लिया है। पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद पिकअप चालक फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। मामले में गुरुवार को मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि जिले में लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं और लोगों की जान जा रही है, लेकिन यातायात पुलिस की जागरूकता और सख्ती केवल कागजों तक सीमित नजर आ रही है। बेलगाम रफ्तार पर लगाम नहीं लगी तो ऐसे हादसे यूं ही मासूम जिंदगियां लीलते रहेंगे।



# खेलो एमपी यूथ गेम्स 25-26 को लेकर बैठक

**शहडोल।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग संचालनालय मध्यप्रदेश शासन, भोपाल के निर्देशानुसार खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025-26 के आयोजन को लेकर बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम सभागार, शहडोल में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी अभिषेक दीवान ने की। बैठक में खेल एवं युवा कल्याण विभाग शहडोल तथा जिले के समस्त खेल संघों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जानकारी दी गई कि खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन विभिन्न चरणों में किया जाएगा। ब्लॉक एवं जिला स्तर पर एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, जूडो, खो-खो, टेबल टेनिस, टेनिस, योगासन, शतरंज सहित अन्य खेलों की बालक-बालिका प्रतियोगिताएं होंगी, जिनके चयनित खिलाड़ी राज्य स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहीं बास्केटबॉल, फुटबॉल, कबड्डी, वॉलीबॉल, क्रिकेट सहित पारंपरिक खेल पिट्ठू एवं रस्साकशी में चयनित खिलाड़ी संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। ताइक्वांडो, फेंसिंग, रोइंग, कयाकिंग-कैनोइंग, शूटिंग एवं आर्चरी की प्रतियोगिताएं सीधे राज्य स्तर पर आयोजित होंगी।

श्री दीवान ने बताया कि प्रतियोगिताओं का आयोजन महात्मा गांधी स्टेडियम एवं पंडित शंभूनाथ विश्वविद्यालय शहडोल के खेल मैदान परिसर में किया जाएगा। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार 10 जनवरी को लोगो, सॉवेनियर व एंथम लॉन्च एवं टॉर्च रिले होगी। ब्लॉक स्तर की स्पर्धाएं 11 से 15 जनवरी, जिला स्तर 16 से 20 जनवरी, संभाग स्तर 21 से 25 जनवरी तथा राज्य स्तर की प्रतियोगिताएं 28 से 31 जनवरी 2026 के मध्य आयोजित होंगी।

# स्कूली छात्राओं को वन्य जीव तथा पर्यावरण संरक्षण की दी गई जानकारी

▸ जैतपुर वन परिक्षेत्र के बहगढ़ बीट में आयोजित किया गया अनुभूति कार्यक्रम





**शहडोल।** स्कूली विद्यार्थियों को जंगल, वन्य जीवों, वनस्पतियों की विविधिता से अवगत कराने के उद्देश्य से जैतपुर वन परिक्षेत्र के बहगढ़ बीट में अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया गया। अनुभूति कार्यक्रम में मॉडल स्कूल भठिया की छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इन विद्यार्थियों को जंगल की सैर कराकर प्रकृति के रहस्यों की जानकारी दी गई।

वन विभाग के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को पेड़-पौधे, वन्य प्राणी एवं मानव जीवन के जुड़ने की श्रृंखला से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में जैतपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक जयसिंह मरावी, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, वनमण्डलाधिकारी श्रृद्धा पेंद्रे, एसडीओ वन विनोद जाखड़, जशवंत सिंह एवं वन विभाग के अन्य अधिकारी एवं मैदानी अमला उपस्थित रहा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जयसिंह मरावी ने कहा कि वन और वन्य जीव प्रकृति की अमूल धरोहर है। जिनकी रक्षा करना हम सबका दायित्व है। उन्होंने कहा कि हम जीवन में छोट-छोट बदलाव करके पर्यावरण का संरक्षण कर सकते हैं। विधायक ने विद्यार्थियों से प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, जल संरक्षण एवं ऊर्जा बचत, जीवन में स्वच्छता अपनाने तथा पौधरोपण कर उनकी सुरक्षा करने की समझाईश दी। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कहा कि प्रकृति और पर्यावरण से जुड़े अनुभूति कार्यक्रम से विद्यार्थियों में प्रकृति प्रेम और जिम्मेवारी की भावना विकसित होती है। आपने कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं। उन्हें पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाकर आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित हरित पृथ्वी का उपहार दे सकते हैं। अनुभूति कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जल, जंगल, जमीन, वनस्पति की जैव विविधिता के महत्व के संबंध में जानकारी देने के साथ ही पेड़-पौधे वन्य जीव और मानव एक-दूसरे के पूरक हैं। कार्यक्रम में बताया गया कि वन्य जीवों में बाघ के संरक्षण का विशेष महत्व है। बाघ संरक्षण से जंगल और पर्यावरण की सुरक्षा होती है।



## उप मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक आज

**शहडोल।** मध्यप्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल 08 जनवरी को रात्रि 9 बजे सर्किट हाउस शहडोल पहुंचेंगे तथा रात्रि विश्राम करेंगे। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल 9 जनवरी को दोपहर 12 बजे से पार्टी के पदाधिकारियो के साथ बैठक लेंगे। दोपहर 1 बजे कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक लेंगे। उपमुख्यमंत्री दोपहर 2:30 बजे शहडोल से अनूपपुर जिले के लिए प्रस्थान करेंगे।

# इंदौर हादसे को लेकर युवा कांग्रेस का आक्रोश

▸ गांधी चौक पर दी श्रद्धांजलि, प्रशासन को ठहराया जिम्मेदार



**शहडोल।** इंदौर में दूषित पेयजल की वजह से हुई असमय मौतों को लेकर कांग्रेस ने प्रशासन के खिलाफ तीखा आक्रोश जताया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय अवस्थी की उपस्थिति में एवं युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनुपम गौतम के नेतृत्व में 07 जनवरी 2026 को शाम 6 बजे शहडोल नगर के हृदय स्थल गांधी चैक पर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस दौरान युवा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि स्वच्छ पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने में सरकार और प्रशासन पूरी तरह विफल साबित हुआ है। दूषित पानी के कारण लोगों की जान जाना सीधे-सीधे प्रशासनिक लापरवाही और जनस्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। श्रृद्धांजलि सभा के दौरान नेताओं ने दो टूक कहा कि अगर समय रहते दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं की गई और पेयजल व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो युवा कांग्रेस सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होगी। यह सिर्फ श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि सिस्टम को जगाने की चेतावनी है।कार्यक्रम में पप्पू सिंह, हीरालाल प्रजापति, रविंद्र मणि शुक्ला, राजेश सोंधिया, नरेन्द्र मरावी, सुफियान खान, शिवशंकर शुक्ला, प्रीतम सोनी, इकराम अली, प्रभात शुक्ला, शेख आबिद, अभिषेक शुक्ला, सनी खान, निशांत जोशी, नमो गर्ग, सोनू चैबे, मुशरान खान, सुहैल आलम, आशू चैधरी, सत्यम प्रजापति सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। युवा कांग्रेस ने साफ शब्दों में कहा कि अगर आम जनता को स्वच्छ पानी तक नहीं मिल सकता, तो सरकार के विकास के दावे खोखले हैं। दूषित पानी से हुई मौतें एक हादसा नहीं, बल्कि सरकारी संवेदनहीनता का नतीजा हैं।

## रेत का अवैध परिवहन करने पर ट्रेक्टर ट्राली जब्त

**नवभारत, कटनी।** जिले के बड़वारा थाना अंतर्गत रोहनिया गांव से पुलिस ने रेत का अवैध करने पर एक ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में रेत के अवैध परिवहन की शिकायतें मिल रही थीं। बुधवार को मुखबिर से सूचना मिली कि रोहनिया ग्राम के समीप एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में अवैध रूप से नदी की रेत भरकर ले जाई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर रवाना हुई। पुलिस टीम ने रोहनिया ग्राम में घेराबंदी कर रेत से भरे ट्रैक्टर ट्राली को रोका। पुलिस ने चालक से रेत के उत्खनन और परिवहन से संबंधित रॉयल्टी सहित अन्य दस्तावेज मांगे। लेकिन चालक कोई भी वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाया। जिसके बाद पुलिस ने रेत से भरे ट्रैक्टर ट्राली को जब्त कर लिया है। बिना अनुमति और रॉयल्टी के रेत का परिवहन पाए जाने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया वाहन चालक और मालिक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# सार्थक एप के विरोध में उतरे कृषि विस्तार अधिकारी



**ब्योहारी।** मध्यप्रदेश के कृषि क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाले मैदानी अमले ने अब सरकार की नई उपस्थिति व्यवस्था के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को जिलेभर के कृषि विस्तार अधिकारियों ने जिला मुख्यालय पहुचकर उप संचालक कृषि को एक लिखित ज्ञापन सौंपा है। अधिकरियों की मांग है कि सार्थक एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने की अनिवार्यता को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाए।

ज्ञापन के माध्यम से अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में विभाग में कर्मचारियों की भारी कमी है। स्थिति यह है कि लगभग हर कृषि विस्तार अधिकारी के पास 4 से 5 केंद्रों का अतिरिक्त प्रभार है। एक अधिकारी को औसतन 30 से 35 ग्राम पंचायतों की जिम्मेदारी निभानी पड़ती है। इसके अलावा उन्हें कृषि कार्यों के साथ-साथ उपार्जन, खाद वितरण, एसआईआर, बीएलओ, बोर्ड परीक्षा में कलेक्टर प्रतिनिधि और निर्वाचन जैसे गैर-कृषि कार्यों में भी तैनात किया जाता है। अधिकारियों का तर्क है कि इतनी अधिक व्यस्तता और क्षेत्र में निरंतर भ्रमण शीलता के बीच एप पर उपस्थिति दर्ज करना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है।अधिकारियों ने एक गंभीर मुद्दा बुनियादी सविधाओं को लेकर भी उठाया। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रदेश ने जो लगातार सात बार कृषि कर्मण अवार्ड जीते हैं, वह इसी मैदानी अमले की मेहनत का परिणाम है। यदि उनकी व्यावहरिक समस्याओं को अनसुना किया गया, तो इसका सीधा असर विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर पडेगा इस मौके पर जिला अध्यक्ष शिवम गुप्ता, प्रांतीय प्रतिनिधि शैलेन्द्र मर्सकोले, सुभद्रा सिंह परस्ते, कल्पना श्रीवास्तव सहित जिले भर के अनेक कृषि विस्तार अधिकारी मौजूद रहे।

# गजेंद्र तीसरी बार बने श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष

▸ अनुराग त्रिपाठी पुन: महासचिव नियुक्त



**शहडोल।** मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रांतीय अध्यक्ष शलभ भदौरिया और प्रदेश संगठन प्रभारी मोहम्मद अली के मार्गदर्शन में संगठन की मजबूती के लिए बड़ा निर्णय लिया गया है। पत्रकार गजेंद्र सिंह परिहार को तीसरी बार शहडोल जिला इकाई का अध्यक्ष नियुक्त करते हुए संगठन ने उनकी कार्यकुशलता पर पुन: भरोसा जताया है।

प्रांतीय महासचिव सत्यनारायण वैष्णव द्वारा जारी नियुक्ति पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है किकृ ‘प्रदेश उपाध्यक्ष साथी मनोज द्विवेदी एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य साथी दिनेश अग्रवाल एवं संभागीय अध्यक्ष साथी अजीत मिश्रा के सुझाव और संगठन प्रभारी साथी मोहम्मद अली की सलाह पर शहडोल जिला इकाई के अध्यक्ष पद पर पत्रकार गजेंद्र सिंह परिहार को ही पदस्थ रहने तथा उनके ही सुझाव पर महासचिव साथी अनुराग त्रिपाठी को ही जिले का महासचिव पद पर यथावत पदस्थ करने के निर्देश दिए गए हैं। ‘उल्लेखनीय है कि पत्रकार गजेंद्र सिंह परिहार की गिनती शहडोल जिले के उन चुनिंदा पत्रकारों में होती है, जो अपनी निर्भीक पत्रकारिता के लिए जाने जाते हैं। लगातार तीसरी बार जिलाध्यक्ष बनना उनकी लोकप्रियता और संगठन के प्रति समर्पण का प्रमाण है।

जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम चलाने और बड़े मामलों के खुलासे करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। वे पत्रकारों के हितों और संगठन की मजबूती के लिए सदैव सक्रिय रहते हैं।संगठन और पत्रकार गजेंद्र सिंह परिहार ने अनुराग त्रिपाठी पर पुन: जिला महासचिव के रूप में बड़ा भरोसा जताया है। गौरतलब है कि पिछले कार्यकाल में अनुराग त्रिपाठी ने बतौर महासचिव पत्रकारों को एकत्र करने और संगठन में बेहतर समन्वय स्थापित करने का कुशल कार्य किया था, जिसे देखते हुए उन्हें पुन: यह जिम्मेदारी दी गई है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को 10 जनवरी 2026 तक कार्यकारिणी गठन के निर्देश दिए गए हैं।

# बुढ़ार स्टेडियम में सजेगा क्रिकेट का महाकुंभ

▸ अखिल भारतीय विधायक गोल्ड कप क्रिकेट टूर्नामेंट 13 से



**शहडोल।** नगर के स्व.कुशाभाऊ ठाकरे मैदान में प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले अखिल भारतीय गोल्ड कप क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन इस वर्ष 13 जनवरी से किया जाएगा, प्रतियोगिता का फाइनल 21 जनवरी को खेला जाएगा। नगर की खेल एवं सामाजिक संस्था फ्रेंड्स स्पोर्ट्स एंड कल्चरल सोसाइटी के तत्वाधान में स्थानीय स्टेडियम में आयोजित किए जा रहे इस खेल टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करना और स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है। आयोजकों का कहना है कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से क्षेत्रीय खिलाड़ियों को एक सशक्त मंच मिलेगा, जिससे वे अपने खेल कौशल का प्रदर्शन कर सकेंगे।

**उद्घाटन समारोह की तैयारियां जोरों पर**-टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर नगर के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं खेल प्रेमी नागरिक अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। स्थानीय विधायक जय सिंह मरावी के मार्गदर्शन में होने वाले इस टूर्नामेंट की लोकप्रियता शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में वृहद रूप से है । आयोजन समिति के सदस्य अवधेश पांडे (पिंटू) ने बताया कि इस टूर्नामेंट में स्थानीय सहित देश के कई हिस्सों की टीमें भाग लेंगी। आयोजकों के अनुसार इस प्रतियोगिता में दिल्ली, बिलासपुर, जबलपुर, प्रयागराज, रीवा, शहडोल, अंबिकापुर, पेंड्रा, उमरिया एवं बुढार की टीमें भाग लेंगी।टूर्नामेंट का प्रारूप टी-20 का होगा, प्रत्येक दिन एक मैच खेला जाएगा , सभी मैच नॉकआउट के होंगे । प्रारूप सभी टीमों को बराबर अवसर प्रदान करेगा।स्थानीय स्टेडियम में खेल मैदान की पिच और आउटफील्ड को बेहतर बनाने के लिए विशेष तैयारी की जा रहीं हैं । खिलाड़ियों और दर्शकों की सुविधा के लिए बैठने की व्यवस्था, पेयजल, की सुविधा उपलब्ध रहेगी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन का सहयोग लिया जाएगा। टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाली टीमों और खिलाड़ियों के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। विजेता टीम को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार दिया जाएगा, जबकि उपविजेता और सेमीफाइनलिस्ट टीमों को भी सम्मानित किया जाएगा। व्यक्तिगत श्रेणियों में भी सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। स्थानीय खेल प्रेमियों में टूर्नामेंट को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजक समिति ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में स्टेडियम पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।



# महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में शहडोल की टीम बनी विजेता

**शहडोल ।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा में आयोजित राज्य अंतरविश्वविद्यालयीन फुटबॉल (महिला) प्रतियोगिता का फाइनल मैच पंडित शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल एवं विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन टीम के मध्य खेला गया। जिसमें पंडित शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल की टीम ने 2-0 से उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजय हुई। विश्वविद्यालय की इस उपलब्धि पर कुलगुरु प्रो. राम शंकर ने महिला खिलाड़ियों, प्रशिक्षक एवं समस्त खेल विभाग को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विश्वविद्यालय की टीम के अनुशासन, समर्पण और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में ये खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर भी विश्वविद्यालय एवं प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।कुलसचिव प्रो. आशीष तिवारी ने कहा कि यह जीत विश्वविद्यालय के लिए अत्यंत गर्व का विषय है। विश्वविद्यालय प्रशासन खेलों के समग्र विकास हेतु निरंतर प्रयासरत है तथा खिलाड़ियों को हरसंभव सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। यह सफलता उसी सकारात्मक वातावरण का प्रतिफल है।